04/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की तथा ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हितों से जुड़े वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने तथा ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को अवसरों के केंद्र में परिवर्तित कर दिया है। उत्तर पूर्वी परिषद (NEC) के तीहत्तरवें पूर्ण अधिवेशन में भाग लेने के बाद श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि आज एनईसी क्षेत्र के विकास के लिए रणनीतिक योजना तैयार करने वाली संस्था के रूप में कार्य कर रही है, जो लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ संस्कृति को भी बढ़ावा दे रही है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस अधिवेशन में भाग लेते हुए कहा कि पूर्वोत्तर को और अधिक सशक्त तथा समृद्ध बनाने के संकल्प में सभी नेता एकजुट हैं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में राज्य की विकास यात्रा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सड़क, हवाई अड्डों, पर्यटन, स्टार्टअप, कृषि और जलविद्युत जैसे क्षेत्रों में अरुणाचल प्रदेश अभूतपूर्व विकास और निवेश का साक्षी बन रहा है। जो राज्य कभी सीमांत क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, वह आज पूर्वोत्तर के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। एनईसी के पूर्ण अधिवेशन में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों तथा नीति-निर्माताओं सहित अनेक विशिष्ट नेताओं ने भाग लिया।

0000000000000000000000000

करदाताओं और विभिन्न हितधारकों को राष्ट्रीय कर व्यवस्था को सरल बनाने के लिए अधिनियम में किए गए संरचनात्मक सुधारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से, नव अधिनियमित आयकर अधिनियम-2025 के संबंध में राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान आज ईटानगर स्थित दोन्यी पोलो इंटरनेशनल होटल में **'प्रारंभ-2026'** पहल के तहत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अभियान का प्रमुख आकर्षण **'कर सेतु'** नामक एक अभिनव उपकरण की जानकारी थी, जिसे नए अधिनियम की विभिन्न आधुनिकीकृत धाराओं की स्पष्ट और

व्यावहारिक व्याख्या प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। कार्यक्रम में गुवाहाटी के प्रधान आयकर आयुक्त देबा कुमार सोनोवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

0000000000000000000000000

पापुम पारे जिला उपायुक्त लोबसांग शेरिंग ने आज जिले में शिक्षा विभाग की एक समन्वय बैठक आयोजित की, जिसमें प्रमुख शैक्षिक पहलों, प्रशासनिक मुद्दों तथा जिले के विभिन्न विद्यालयों के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समयपालन, ईमानदारी, समर्पण और पारदर्शिता प्रत्येक सरकारी कर्मचारी के लिए मूलभूत स्तंभ हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों से इन पेशेवर मूल्यों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 की हाल ही में सम्पन्न CBSE/AISSE परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने पर बालिजान, कीमिन और बांदरदेवा के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा कस्तुरबा गांधी बालिका विद्याल सागाली को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

0000000000000000000000000

देशव्यापी **‘खेती बचाओ अभियान’** के तहत पापुम पारे जिले के कृषि विभाग ने आज प्राकृतिक खेती, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, सतत कृषि, जलवायु अनुकूलन क्षमता तथा सूखा प्रबंधन पर केंद्रित महिने भर चलने वाले जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जिले भर के किसानों, कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इसी तरह, उपायुक्त प्रभारी रिनचिन लेता ने आज तवांग में उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय 'खेती बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और मिट्टी के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

0000000000000000000000000

पापुम पारे ज़िला उपायुक्त लोबसांग शेरिंग ने आज यूपिया स्थित उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में सोलिड वैस्ट मैनेजमेंट - SWM नियम-2026 के कार्यान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के मद्देनज़र SWM नियम-2026 के कड़ाई से पालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी पात्र संस्थानों से चौदह जून 2026 तक CPCB पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूरा करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के सत्रह जिलों वेस्ट कामेङ, ईस्ट कामेङ, पाके केसाङ, अपर सुबनसिरी, क्रा दादी, कामले, सियाङ, अपर सियाङ, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लोहित,

नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए येलो एवं अन्य चार ज़िलों पापुम पारे, कुरुङ कुमे, लोअर सुबनसिरी और लेपा रादा के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000